GSTIN-09AAACU5088M4ZM

विद्युत प्रशिक्षण संस्थान
(उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड)
सरोजनी नगर, लखनऊ।
ई–मेल : **director.eti@uppcl.org**

**Electricity Training Institute**
**(Uttar Pradesh Power Corporation Ltd.)**
**Sarojini Nagar, Lucknow**
**E-mail : director.eti@uppcl.org**

पत्रांक :100 / वि0प्र0सं0 / व्यवसायिक परीक्षा / नवम्बर–2024 दिनांक 16.11.2024

**प्रबन्ध निदेशक, विद्युत वितरण निगम लि0 मध्यांचल, लखनऊ / पूर्वांचल, वाराणसी / दक्षिणांचल, आगरा / पश्चिमांचल, मेरठ**
**प्रबन्ध निदेशक, केस्को, कानपुर**

**निदेशक (का0प्रब0 एवं प्रशा0), उ0प्र0पा0का0लि0 / उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 / उ0प्र0ज0वि0नि0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।**
**समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण / पारेषण)**

**विषय : अभियन्ता अधिकारियों (वैद्युत एवं यांत्रिकी / जानपद संवर्ग) की व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 व 2**

महोदय,

अवगत कराना है कि विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ द्वारा अभियन्ता अधिकारियों (वै0 एवं यां0 / जानपद संवर्ग) की व्यवसायिक परीक्षा वर्ष में 02 (दो) बार आयोजित की जाती है। विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष–2024 में द्वितीय छमाही की परीक्षा दिनांक **20 दिसम्बर, 2024** को आयोजित कराया जाना निर्धारित किया गया है। द्वितीय छमाही में आयोजित हो रही उपरोक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभियन्ता अधिकारीगण, उ0प्र0पा0का0लि0 की अधिकारिक वेबसाईट **www.uppcl.org or upenrgy.in** पर उपलब्ध लिंक **http://etilucknow.infogurunet.com/** के द्वारा **Online Form** के माध्यम से सम्बन्धित प्रविष्टियों को भर कर इस पत्र के साथ संलग्न प्रमाण–पत्र को अपने नियन्त्रक अधिकारी से प्रमाणित कराकर ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड करते हुए **Submit** करना सुनिश्चित करेंगे। **उपलब्ध लिंक के माध्यम से Submit किए गए आवेदन ही स्वीकार किए जाऐंगे।** यह **Online Link** दिनांक 15 दिसम्बर, 2024 **को सायं 5:00 बजे** तक **ही उपलब्ध रहेगा।**

लिंक (**Online**) के माध्यम के अतिरिक्त विद्युत प्रशिक्षण संस्थान को डाक द्वारा अथवा ई–मेल द्वारा प्रेषित किए गए प्रार्थना–पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(1) व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 व भाग–2 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण निम्नवत् किया गया है :–

**(क) विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ :** समस्त अधिकारी जो मध्यँाचल / शक्ति भवन, लखनऊ / लखनऊ जनपद की अन्य इकाईयां / केस्को, कानपुर / पारेषण (मध्य) एवं एस0एल0डी0सी0, लखनऊ के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं।

**(ख) मुख्यालय पू0वि0वि0नि0लि0, वाराणसी** : समस्त अधिकारी जो पूर्वांन्चल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी / मुख्य अभियन्ता, पारेषण (दक्षिण–पूर्व, प्रयागराज / उत्तर–पूर्व, गोरखपुर) के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं।

**(ख) मुख्यालय प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ** : समस्त अधिकारी जो पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ / मुख्य अभियन्ता, पारेषण (पश्चिम, मेरठ) के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं।

**(ख) मुख्यालय द0वि0वि0नि0लि0, आगरा** : समस्त अधिकारी जो दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, आगरा / मुख्य अभियन्ता, पारेषण (दक्षिण–पश्चिम, आगरा / दक्षिण–मध्य, झांसी) के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं।

(2) व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 हेतु योग्यता प्रमाण–पत्र एवं लेखा कार्य निपुणता प्रमाण–पत्र तथा व्यवसायिक परीक्षा भाग–2 हेतु केवल योग्यता प्रमाण–पत्र जिनका प्रारूप इस पत्र के साथ संलग्न है, को पूर्ण कर उ0प्र0पा0का0लि0 की अधिकारिक वेबसाईट (**www.uppcl.org or upenrgy.in**) पर उपलब्ध लिंक **http://etilucknow.infogurunet.com/** पर अपलोड किया जाना तथा उपरोक्त लिंक के माध्यम से पूर्ण रूप से भरे गये आवेदन की डाउनलोड प्रति एवं अपलोड किये गये संलग्नकों (प्रमाण–पत्रों) की मूल प्रति परीक्षा के समय साथ में लाना अनिवार्य है।

(3) सहायक अभियन्ता (प्रशिक्षु) जो प्रशिक्षण काल में चल रहें हैं वह व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 में सम्मिलित नहीं किए जायेंगे।

––2 /

(4) व्यवसायिक परीक्षा भाग–2 में वही अभियन्ता भाग ले सकते हैं जिन्होंने व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 उत्तीर्ण कर ली हो तथा सहायक अभियन्ता पद की कार्यभार ग्रहण तिथि से सहायक अभियन्ता अथवा सहायक अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ता (दोनों पदों की सेवा मिलाकर) पद पर 8 वर्ष की सेवा **दिनांक 15.12. 2024 तक** पूर्ण कर ली हो।

(5) व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 में तकनीकी एवं लेखा से सम्बन्धित पृथक–पृथक प्रश्न–पत्र होंगे तथा व्यवसायिक परीक्षा भाग–2 में केवल एक प्रश्न–पत्र होगा जिसमें तकनीकी एवं लेखा दोनों विषयों के प्रश्न सम्मिलित होंगे।

(6) प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र हेतु अधिकतम 100 अंक तथा मौखिक परीक्षा हेतु अधिकतम 30 अंक निर्धारित किये गये हैं।

(7) परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु प्रत्येक लिखित परीक्षा में न्यूनतम 40 (40 प्रतिशत) अंक एवं मौखिक परीक्षा में न्यूनतम 15 (50 प्रतिशत) अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। मौखिक परीक्षा में भी प्रतिभाग लेना अनिवार्य है। मौखिक परीक्षा में प्रतिभाग न करने वाले को अनुत्तीर्ण माना जायेगा।

अतः अनुरोध है कि आपके अधीनस्थ अभियन्ता अधिकारियों में व्यापक प्रचार–प्रसार इस प्रकार करें कि परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभियन्ताओं के प्रार्थना–पत्र विद्युत प्रशिक्षण संस्थान के लिये उ0प्र0पा0का0लि0 की अधिकारिक वेबसाईट **www.uppcl.org or upenrgy.in** पर उपलब्ध लिंक **http://etilucknow.infogurunet.com/** के माध्यम से **दिनांक 15.12..2024 को सायं 5:00 बजे** तक अवश्य प्राप्त हो जायें। यह भी अवगत कराना है कि **विद्युत प्रशिक्षण संस्थान को By Hand/By Post/Email व अन्य किसी माध्यम द्वारा प्रेषित आवेदन–पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नही किया जायेगा**। आवेदन–पत्र उपलब्ध लिंक पर भरने हेतु किसी भी जानकारी के लिए **तकनीकी सहायता हेतु मोबाइल नं0 : 9453945450 एवं अन्य जानकारियों हेतु मोबाइल नं0 9648227577 पर प्रातः 11:00बजे से सांयः 04:00बजे के मध्य सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।** वेब–साइट पर लिंक दिनांक **25.11.2024** को प्रातः **11:00** बजे से उपलब्ध होगा।

भवदीय

(अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव)
निदेशक एवं सदस्य,
व्यवसायिक परीक्षा समिति

पत्रांक :100/वि0प्र0सं0(ल0)/व्यवसायिक परीक्षा/नवम्बर–24 दिनांक : 16.11.2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

(1) महानिदेशक, प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन विकास, सरोजनी नगर, लखनऊ।
(2) श्री उत्तम कुमार सक्सेना, मुख्य अभियन्ता (हाइडिल), उप्रपाकालि, लखनऊ एवं अध्यक्ष, व्य0परीक्षा समिति, लखनऊ।
(3) श्री पंकज अग्रवाल, अधीक्षण अभियन्ता (आर0ए0यू0), उप्रपाकालि, लखनऊ एवं सदस्य, व्य0परीक्षा समिति, लखनऊ।
(4) श्री गगन बिहारी श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियन्ता (जा0), मविविनिलि, लखनऊ एवं सदस्य, व्य0परीक्षा समिति, लखनऊ।
(5) मुख्य अभियन्ता (जानपद पारेषण–प्रथम/द्वितीय), शक्ति भवन, लखनऊ।
(6) मुख्य अभियन्ता (ओ0 एण्ड एम0), उ0प्र0जल विद्युत निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
(7) समस्त अधीक्षण अभियन्ता (जानपद पारेषण), शक्ति भवन, लखनऊ।
(8) विद्युत पारेषण मंडलों में कार्यरत अधीक्षण अभियन्ता।
(9) विद्युत वितरण मंडलों/कार्य मंडलों/भण्डार मंडलों में कार्यरत अधीक्षण अभियन्ता।
(10) अधिशासी अभियन्ता एवं आहरण–वितरण अधिकारी, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ।
(11) सहायक अभियन्ता, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ।
(12) अधिशासी अभियन्ता (वेब), कक्ष संख्या 407, शक्ति भवन, लखनऊ को उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0 की वेब–साइट पर अपलोड कर व्यवसायिक परीक्षा आवेदन हेतु वेब–साइट **http://etilucknow.infogurunet.com/** में जाने के लिये एक लिंक तथा संलग्न प्रपत्र (प्रमाण–पत्रों हेतु प्रारूप) को पी0डी0एफ0 फार्म में डाउनलोड करने हेतु उ0प्र0पा0का0लि0 की वेब–साइट पर उपलब्ध कराने की कृपा करें।

(अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव)
निदेशक एवं सदस्य,
व्यवसायिक परीक्षा समिति